दिन–सोमवार

दिनांक– 02 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर बाद नई दिल्ली में पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। पार्टी मुख्यालय में श्री मोदी भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। यह अभियान नए सदस्य बनाने और पार्टी के मौजूदा सदस्यों के नवीनीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा। दस नवंबर तक चलने वाले इस अभियान का पहला चरण 25 सितम्बर को संपन्न होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि भाजपा का चुनाव वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोडकर पूरे देश में अपने सदस्यता अभियान के हिस्से के रूप में कम से कम दस करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

————————————————————————

इधर, प्रदेश भाजपा कल से सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी। इस अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ चौवन लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान केवल सदस्य बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि जन–जन तक पहुंचने का अभियान है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज औरंगाबाद, डिहरी और सासाराम में शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजना के कार्यारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जल संसाधन विभाग की ओर से डिहरी एनीकट के पास यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————

सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड, एसजेवीएन को केन्द्र सरकार ने नवरत्न का दर्जा प्रदान किया है। एसजेवीएन, चौसा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुशील शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी के छत्तीस वर्षों की यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

———————————————————————

राज्य सरकार ने उर्वरक से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाईन नंबर जारी किया है। किसान, उर्वरक से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर टेलीफोन नंबर शून्य छह एक दो– दो दो तीन तीन पाँच पाँच पाँच पर सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते है। इसके अलावा फर्टिलाइजर डॉट बिहार एट जीमेल डॉट कॉम पर मेल भी किया जा सकता है।

———————————————————————

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा प्रसाद राय की एक सौ दोवीं जयंती पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। पटना में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने दारोगा प्रसाद राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————

मॉनसून के कमजोर हो जाने के कारण राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। पश्चिम चंपारण के रामनगर में सबसे अधिक चौवालीस सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। मौसम पूर्वानुमान में

कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———————————————————————

पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मैगनीबिघा गांव में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। इधर, सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरियापट्टी के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

समाप्त